एक दिवसीय शैक्षिक परामर्शियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम
इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी

संक्षिप्त रिपोर्ट

इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी द्वारा एक दिवसीय शैक्षिक परामर्शियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक **23.04.2019** को दुग्ध विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के **"कामधेनु सभागार"** में सम्पन्न हुआ ।

यह कार्यक्रम वाराणसी जनपद के सभी 11 इग्नू अध्ययन केन्द्रों पर इग्नू शैक्षिक परामर्शी के रूप में इग्नू विद्यार्थियों को सेवाऍ दे रहे लगभग 100 शैक्षिक परामर्शियों को इग्नू के शिक्षण–अध्यापन के क्षेत्र में किये गये नवीनतम नवोन्मेषों के अनुप्रयोग के लिये प्रशिक्षण हेतु आयोजित किया गया ।

डॉ0 ए0.एन0त्रिपाठी, क्षेत्रीय निदेशक ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस एक दिवसीय उन्मुखीकरण के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की ।

तत्पश्चात् डॉ0 यू0एन0त्रिपाठी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने इग्नू द्वारा शुरू किये गये ऑनलाईन एकेडमिक काउंसलर्स इम्पैनलमेंट पोर्टल पर इच्छुक अकादमिक द्वारा अपना आवेदन करने तथा अध्ययन केन्द्रों द्वारा की गई कार्यवाहियों का भौतिक प्रशिक्षण दिया । इस दौरान शैक्षिक परामर्शियों की समस्याओं का समाधान किया गया ।

भी

द्वितीय सत्र में डॉ. एस0के0पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू ने इग्नू द्वारा संचालित प्रवेश प्रक्रियाओं से प्रतिभागियों को परिचित कराया । इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया का शैक्षिक परामर्शियों को भौतिक प्रशिक्षण दिया । कार्यक्रम में अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों एवं परामर्शियों को इग्नू के कार्यक्रम को जरूरतमंदों तक पहुँचाने के लिए आह्वान किया गया ।

डॉ. संजय कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू ने अपनी प्रस्तुति में शैक्षिक परामर्शियों को इग्नू के सत्रीय कार्य की महत्ता को समझाते हुए सत्रीय कार्य के मूल्यांकन में महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की तथा बताया कि सत्रीय कार्य में मूल्यांकन के बाद ट्यूटर टिप्पणी अवश्य लिखी जानी चाहिए जिससे दूरस्थ शिक्षार्थी अपनी तैयारी का वास्तविक आकलन कर पाता है ।

तीसरे सत्र में पुनः डॉ. यू. एन. त्रिपाठी ने शैक्षिक सलाहकार कक्षाओं के आयोजन और शैक्षिक परामर्शियों द्वारा दूरस्थ शिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं एवं चिन्ताओं को दूर करने के वैज्ञानिक पहलुओं पर जोर देते हुए शैक्षिक परामर्शियों के कर्तव्यों, पाठन विधि आदि पर विस्तार से चर्चा की ।

साथ ही श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, सहायक कुलसचिव ने शैक्षिक परामर्शियों को वित्त एवं प्रशासनिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए काउंसलिंग के दौरान आवश्यक अभिलेखों की तैयारी एवं अनुलेखन का प्रशिक्षण दिया ।

फीडबैक सत्र में विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा शैक्षिक सलाहकार कक्षाओं के आयोजन और उनके संचालन पर निम्नलिखित प्रतिपुष्टियाँ दी गई ।

1. डॉ ज्योति सिंह (2708) ने बताया कि अध्ययन साम्रगी समय से छात्रों को नहीं मिल रही है तथा हिन्दी अनुवाद बहुत ही अप्रासंगित है । बेहतर होता कि अंग्रेजी शब्दों का ही इस्तेमाल किया जाता तो वह ज्यादा बोधगम्य होता ।

2. डॉ मीना सिंह (48022) ने बताया कि एम.कॉम कार्यक्रम के कुछ विषयों विशेषकर आई0बी0ओ0 04 में सत्रांत परीक्षाफल के अंक काफी कम दिये जाते हैं, जिससे छात्र हत्तोसाहित होते हैं ।

3. डॉ. के एस राठौड़ (27109) ने काउंसलिंग कक्षा में विद्यार्थियों के समय से उपस्थित नहीं होते हैं जिस कारणवश काउंसलिंग कक्षा को विलंब से आरंभ करना पड़ता है जबकि डॉ. कौशलेन्द्र सिंह (48022) ने बताया कि छात्रों को सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि के विषय में जानकारी नहीं होने से उन्हें आगे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

4. डॉ संजीव कुमार (2708) ने बताया कि एक ही दिन में आयोजित किये जाने वाले दो काउंसलिंग कक्षा को लेने हेतु सिर्फ एक ही का यात्रा भत्ता प्रदान किया जाता है जबकि डॉ. आर.एन. शर्मा (27109) ने बताया कि जनवरी'2019 सत्र में छात्रों की पुस्तके नहीं मिलने से हम कब छात्र परिचय सभा करें ।

5. डॉ अर्चना श्रीवास्तव (48033) ने बताया कि डी.एन.एच.ई प्रोगॉम में छात्रों की कम संख्या होने पर काउंसलिंग कक्षा का आयोजन नहीं किया जाता है और जिस कारण छात्रों का प्रोजेक्ट कार्य अधूरा रह जाता है । डॉ. अजय कुमार (27109) ने क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी में बी. एड प्रोगॉम फिर से आरंभ करने का अनुरोध किया ।

6. डॉ0 सुधाकर सिंह (27109) ने कहा कि एम0कॉम0 की पाठ्य सामग्री बहुत समय से अपडेट नहीं किया गया है जिससे विद्यार्थियों को नवीनतम जानकारी नहीं हो पाती है । उपरोक्त को अद्यतन कराने की जरुरत है ।

उपरोक्त सभी जिज्ञासाओं का समाधान क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. ए. एन. त्रिपाठी ने क्रमबद्व तरीके से चर्चा के दौरान दिया । अन्त में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के निदेशक डॉ. ए. एन. त्रिपाठी एवं अन्य अकादमिक अधिकारियों ने छात्र समस्याओं के निस्तारण में शैक्षिक परामर्शियों की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि इग्नू में शिक्षार्थी ही सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है । शैक्षिक सलाहकारों पर उनको उचित ज्ञानार्जन कराने मदद एवं उनके सही दिशा निर्देशन की महती जिम्मेदारी है । हमें विश्वास है कि इस प्रशिक्षण के बाद शैक्षिक परामर्शी अपनी भूमिका सही तरीके से निभाने हेतु स्वप्रेरित रहेगें ।

स्थानीय समन्वयकों व सलाहकारों ने निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया–

1) बी0एस0एन0एल0 फोन आज अप्रासंगिक हो गया है, उसका बिल भी ज्यादा है । यदि इग्नू एक मोबाइल फोन देती तो वह ज्यादा उपयोगी होता और खर्च भी कम पड़ता ।

2) सभी अध्ययन केन्द्र को अवलिम्ब कम से कम एक कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जाय ।

3) ऑन लाइन परिचय–पत्र उपलब्ध कराने तथा पुस्तके घर के पता पर भेजेने के निर्णय से छात्र एक बार भी अध्ययन केन्द्र नहीं आता । छात्र का अध्ययन केन्द्र एक बार अनिवार्य रुप से आना सुनिश्चित किया जाय, जिससे उसकी तमाम समस्याओं का समाधान निकल जाता है ।

4) अध्ययन केन्द्र पर जो प्रोग्राम सक्रिय है उनका दो–दो सेट हिन्दी/अंग्रेजी की अध्ययन सामग्री सलाहकारों हेतु अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ।

कार्यक्रम में इग्नू अध्ययन केन्द्र दुग्ध विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बी. एच.यू. (48003पी) के प्रोगाम प्रभारी डॉ. डी. सी. राय, यू.पी. कॉलेज (2708) के समन्वयक डॉ0 एन. पी. सिंह, महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज, राजातालाब (48042) के समन्वयक डॉ आलोक कुमार कश्यप, शिक्षा संकाय, कमच्छा कैम्पस, बीएचयू, वाराणसी (27109) के समन्वयक डॉ. आर. एन. शर्मा, आर्य महिला पीजी कॉलेज (48022) के समन्वयक डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, माइक्रोटेक कॉलेज ऑफ मैनेंजमेट एवं टेक्नोलॉजी, मलदहिया (48012) के समन्वयक श्री जय मंगल सिंह,

अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज (48033) की समन्वयक डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, जीवनदीप

महाविद्यालय, वाराणसी (48037डी) की समन्वयक डॉ. अलका सिंह, सकलडीहा पीजी कॉलेज (48047) के समन्वयक डॉ. दयानिधि सिंह यादव, शहीद हीरा सिंह पीजी कॉलेज, धानापुर (48057) के समन्वयक डॉ. सुभाष राम, सावित्री बाई फुले पीजी कॉलेज, चकिया (48045) के समन्वयक डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, शैक्षिक परामर्शियों एवं इग्नू के कर्मचारीगण सहित कुल 110 लोगों ने भाग लिया ।

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
REGIONAL CENTRE
GANDHI BHAWAN, BHU CAMPUS, VARANASI
Phone no. 0542-2368622 E-mail: rcvaranasi@ignou.ac.in
Website: www.ignourcvns.in

ignou
THE PEOPLE'S UNIVERSITY

अमर उजाला

वाराणसी । बुधवार। 24 अप्रैल 2019 3

ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे शिक्षक

बीएचयू में इग्नू की ओर से परामर्श उन्मुखीकरण कार्यक्रम

वाराणसी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र की ओर से आयोजित शैक्षिक परामर्श उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षकों को परामर्शदाता बनने सहित अन्य जानकारियां दी गई। इसमें ऑनलाइन एकेडमिक काउंसलर इंपैनलमेंट पोर्टल पर आवेदन करने के प्रशिक्षण के साथ-साथ समय-समय कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। कृषि विज्ञान संस्थान के दुग्ध विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यूएन त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे शिक्षक जो परामर्शदाता बनना चाहते हैं, वे अध्ययन केंद्र के माध्यम से इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा समय-समय पर उनकी जिज्ञासाओं के आधार पर उन्हें जानकारी भी मिलती रहेगी। सहायक कुलसचिव अवधेश कुमार पाण्डेय ने वित्त एवं प्रशासनिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए काउंसलिंग के दौरान आवश्यक अभिलेखों की तैयारी एवं अनुलेखन का प्रशिक्षण दिया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एसके पांडेय ने प्रवेश प्रक्रिया और डॉ. संजय कुमार ने इग्नू के सत्रीय कार्य की महत्ता बतायी। उन्होंने अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों एवं परामर्शियों को इग्नू के कार्यक्रम को जरूरतमंदों तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. मीना सिंह, डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

रिपोर्ट के साथ अखबार में प्रकाशित खबरें, उपस्थिति तालिका एवं संदर्भित फोटोग्राफ रिपोर्ट के साथ संलग्न कर आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जाती है ।